तापमान
अधिकतम 35 .0 डिग्री
न्यूनतम 25 .0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 6 जून 2025

12 कैडेट्स ने पौधारोपण कर 'पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक मुक्त समाज' का...



11 सनातन धर्म के संस्कार ही जीवन का मूल आधार



## खबर संक्षेप

### अवैध हथियार की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट कुंडली पुलिस ने अवैध हथियार सहित आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित मोहित उर्फ दुधिया निवासी सरस्वती विहार का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। सहायक उप निरीक्षक मनोज ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान माहरा रोड पर क्रिकेट एकेडमी के पास से संदिग्ध हालत में युवक को काबू किया। उसके पास तलाशी के दौरान एक देशी पिस्तौल व एक जिंदा रौंद बरामद हुआ।



### कन्याओं को दिया यज्ञ का प्रशिक्षण

**सोनीपत।** आर्यवीरांगना दल शिविर में वीरवार को कन्याओं को यज्ञ का प्रशिक्षण दिया गया। इसके अंतर्गत उन्हे वेद मन्त्रों का शुद्ध उच्चारण सीखाया गया। आर्यवीर दल के जिला संचालक भगतसिंह ने पर्यावरण प्रदूषण को दूर करने के लिए यज्ञ को अनिवार्य बताया। शिविर मे भाग ले रही 160 कन्याओं को 15 यज्ञ कुण्डों पर प्रशिक्षित किया गया। शिविराध्यक्ष पूनम भूटानी ने कहा कि यज्ञ करने का अधिकार सबको है। वेद किसी प्रकार का भेदभाव नहीं करता है। आज भी गुरुकुल से दीक्षित कन्याए वैदिक कर्मकाण्ड करवाती है।

### मंडी में आए दुकानदार के हजारों रुपये उड़ाए

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में स्थित सब्जी मंडी में सामान लेने गए दुकानदार की जेब से हजारों रुपये की राशि के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव राजपुर निवासी राजकुवार ने बताया कि उसकी गांव में दुकान है। वह दुकान के लिए मंडी के पास सामान लेने के लिए आया था। इस दौरान वह बुक डिपो से कापी खरीदने लगे। इसी दौरान उनकी जेब से किसी ने 13,500 रुपये की राशि निकाल ली। अपने स्तर पर चोर की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया।

### मुकेश सैनी बने खरखौदा नपा के उपाध्यक्ष

**खरखौदा।** नगरपालिका खरखौदा के उपाध्यक्ष पद का चुनाव मतदान द्वारा किया गया। बृहस्पतिवार को नपा कार्यालय में सात की तुलना 10 वोट पाकर पार्षद मुकेश सैनी ने बाजी मारी। मौके पर मौजूद विधायक पवन खरखौदा व चेयरमैन हीरा लाल इंदौरा ने उनका मुंह मीठा करवाते हुए जीत की बधाई दी। एसडीएम डा. निर्मल नागर की देखरेख में बृहस्पतिवार को नपा उपाध्यक्ष पद का चुनाव करवाया गया।

### दीवार के विवाद में बुजुर्ग के सिर पर रॉड से हमला

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना क्षेत्र में दीवार के विवाद को लेकर बुजुर्ग के सिर में रॉड से हमला कर घायल करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव खेवड़ा निवासी सलीम ने बताया कि उसका पड़ोसी राजू मकान बना रहा है। राजू ने उनकी तरफ से दीवार को बढ़ा दिया।

---

### शिक्षा विभाग की कोशिश से कम होगा आतिथ्य सत्कार का खर्च

# विद्यार्थियों की पेंटिंग से किया जाएगा अतिथियों का स्वागत

विद्यार्थियों की प्रतिभा को मिलेगी पहचान, ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी विद्यालयों में

- पेंटिंग पर होगा विद्यार्थी का नाम और कक्षा, योजना की जा रही है तैयार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

राजकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों की प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिये नए प्रयास किए जा रहे हैं। कला शिक्षकों की भी इस प्रयास में रूचि बढ़ाने के लिये शिक्षा विभाग ने अनूठी पहल की है। जिसके तहत विद्यालयों में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में अब जो भी अतिथि आएंगें, उनका विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई पेंटिंग से स्वागत किया जाएगा। अब तक अतिथियों का फ्लावर पोर्ट, बुके या गमलों द्वारा स्वागत किया जाता रहा है। नई पहल के तहत विद्यार्थियों द्वारा तैयार पेंटिंग के माध्यम से विद्यार्थियों की प्रतीभा को तो पहचान मिलेगी ही, इसके साथ ही अतिथियों के सत्कार में खर्च होने वाले बजट में भी कटौती दर्ज की जाएगी। इस कार्य के लिए योजना तैयार की जा रही है।

शिक्षा विभाग की ओर से राजकीय विद्यालयों में समय-समय पर होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अतिथियों के सत्कार का प्रारूप बदलने का निर्णय लिया गया है। इस योजना से जहां विद्यालयों में होने वाले आर्थिक खर्च में कमी लाई जा सकेगी, वहीं विद्यार्थियों की प्रतिभा को भी उजागर किया जा सकेगा। साथ ही अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिल सकेगी। ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद विद्यालयों में विद्यार्थियों की कला व प्रतिभा को निखारने के प्रयास शुरू किए जाएंगे। कार्यक्रमों में अतिथियों का स्वागत करने के लिए विद्यार्थियों की पेंटिंग को सत्कार का जरिया बनाया जाएगा। विभाग की ओर से जल्द सभी विद्यालयों के कला अध्यापकों को इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए जाएंगे। साथ ही शिक्षा अधिकारी विद्यालयों का निरीक्षण कर योजना को सिरे चढ़ाने का प्रयास करेंगे।

#### ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद होंगी प्रतियोगिताएं

अधिकारियों ने बताया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद योजना के आधार पर सभी राजकीय विद्यालयों में अलग-अलग समय में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। विद्यार्थियों के साथ शिक्षक भी इन प्रतियोगिताओं में भाग ले सकेंगे। इन प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ पेंटिंग घोषित की जाएंगी तथा उत्कृष्ठ पेंटिंग बनाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।

#### पेंटिंग को फ्रेम करवाएगा विभाग

प्रतियोगिता में जिन गुरु-शिष्यों की पेंटिंग आकर्षक होंगी, उन्हें विभाग के खर्च पर फ्रेम करवाया जाएगा। इसके अलावा पाठ्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों की ओर से बनाई जाने वाले पेंटिंग का भी प्राचार्य व विद्यालय प्रबंधक चयन करेंगे। पेंटिंग के नीचे बनाने वाले विद्यार्थी का नाम व कक्षा भी अंकित की जाएगी। फिर विद्यालयों में होने वाले कार्यक्रमों में इन्हीं पेंटिंग से अतिथियों का सत्कार किया जाएगा। योजना से विभाग व विद्यार्थी दोनों को फायदा होगा।

#### आकर्षित पेंटिंग होंगी फ्रेम

राजकीय विद्यालयों में होने वाले कार्यक्रमों में अतिथियों के सत्कार का प्रारूप बदलने की योजना तैयार की गई है। विद्यालयों में अतिथियों का स्वागत फ्लावर पोर्ट, बुके या गमलों से नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की ओर से तैयार पेंटिंग से करने का निर्णय लिया गया है। विद्यार्थियों व शिक्षक की ओर से तैयार आकर्षित पेंटिंग को विभाग के खर्च पर फ्रेम करवाया जाएगा।

**-सुजाता खत्री, जिला परियोजना संयोजक, सोनीपत।**

---

# ड्राई क्लीन और कपड़े इस्त्री करने की दुकान में लगी आग

- दुकान में रखे कपड़े, सामान व राशि जलकर हुई राख
- दमकल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

शहर के ओल्ड रोहतक रोड स्थित ड्राई क्लीन और कपड़े इस्त्री करने की दुकान में वीरवार सुबह अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और दुकान में रखे सभी कपड़े, अन्य सामान और हजारों की नकदी भी जल गई। मामले का पता लगने के बाद पहुंची दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया। आग से दुकानदार को काफी नुकसान हुआ है।

सोनीपत निवासी दौलतराम मिशन चौक के पास कई साल से ड्राई क्लीन और कपड़े इस्त्री करने की दुकान चलाते हैं। वह बुधवार को वैष्णो देवी दर्शन के लिए गए थे। उनके बेटे बलराम ने बताया कि बृहस्पतिवार सुबह इस मार्ग पर घूमने आए व्यक्ति ने उन्हें दुकान में आग लगने की जानकारी दी। जिस पर वह मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। आग तेज होने के चलते उन्होंने दमकल विभाग की टीम को आग की जानकारी दी। जिस पर टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। हालांकि तब तक पूरा सामान जल चुका था। दुकान के अंदर सामान, मशीन, कपड़े, उनकी शादी का सामान व हजारों की नकदी भी जल गई। जिससे उन्हें काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। पीड़ित परिवार ने शार्ट सर्किट से आग लगने का अंदेशा जताया। उन्होंने इसे लेकर पुलिस को लिखित में दिया है।

# 10 साल की बच्ची से छेड़छाड़ करने वाले मामा को पांच साल की कैद

- अदालत ने दोषी पर 17000 रुपए जुर्माना भी लगाया
- दोषी ने बच्ची के जन्मदिन की रात वारदात को अंजाम दिया था

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र ने 10 साल की बच्ची से छेड़खानी करने के आरोपित को दोषी करार दिया है। दोषी बच्ची का रिश्ते में मामा है। अदालत ने दोषी को पांच साल कैद व 17 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। दोषी ने बच्ची के जन्मदिन की रात वारदात को अंजाम दिया था। सोनीपत में किराए पर रहने वाली महिला ने 21 जुलाई, 2024 को थाना सिविल लाइन में शिकायत दी थी कि वह परिवार के साथ किराए पर रहती हैं। उनकी बेटी का जन्मदिन था। उनका भाई व मौसेरे भाई भी घर आए थे। रात को दोनों उनकी 10 साल की बच्ची के साथ सो रहे थे। सुबह बेटी ने बताया था कि उसके कपड़े खराब हो गए हैं। उनके मौसेरे भाई की तरफ इशारा कर बच्ची ने बताया था कि मामा ने उसके साथ बदतमीजी की है। जिस पर उन्होंने पुलिस को बताया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले की सुनवाई के बाद एएसजे नरेंद्र की अदालत ने आरोपित को दोषी करार दिया है। अदालत ने दोषी को पॉक्सो एक्ट व अलग धाराओं में पांच साल कैद व 17 हजार रुपये जुर्माना की सजा दी है। जुर्माना राशि में से 10 हजार रुपये पीड़ति को देने के आदेश किए हैं।

---

# तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से गार्ड की मौत

- पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपा
- परिजनों के बयान पर आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

कुंडली थाना क्षेत्र में सर्विस रोड पर तेज रफ्तार दोपहिया वाहन चालक ने पैदल जा रहे व्यक्ति को चपेट में ले लिया। हादसे में व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए उसे नरेला राजा हरिश्चंद्र अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव परियावा प्रतापगढ़ यूपी निवासी मोनू गुप्ता ने बताया कि उसका चाचा विजय गुप्ता (43) कुंडली में सिक्योरिटी की नौकरी करता है। वह रात को पानीपत-दिल्ली रोड पर सर्विस लाइन पर पैदल जा रहा था। उसी दौरान तेज रफ्तार बाइक चालक ने उसे चपेट में ले लिया। हादसे में उसका चाचा गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए उसे नरेला दिल्ली के राजा हरिश्चंद्र अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

# मांगों को लेकर 18 को प्रदर्शन करेंगे पीडब्ल्यूडी कर्मचारी

- सुरेंद्र मोर को बनाया ब्रांच उपप्रधान, दिलबाग सिंह को ब्रांच सह सचिव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

हरियाणा गर्वनमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कस यूनियन की जिला कमेटी की बैठक जिला मुख्यालय पब्लिक हेल्थ ब्रांच यूनियन कार्यालय नियर लघु सचिवालय जलघर प्रांगण में जिला प्रधान विष्णु दत्त भारद्वाज की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन जिला सचिव रामप्रसाद ने किया।

जिला प्रधान विष्णु दत्त भारद्वाज ने बताया कि 18 जून को जिले में कार्यरत सभी ब्रांचों के कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर अधीक्षक अभियंता जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी कार्यालय सोनीपत पर इकट्ठे होकर अधिकारी और सरकार के खिलाफ अपनी लंबित पड़ी मांगों को लेकर रोष प्रदर्शन करेंगे और विभागीय अधिकारियों के साथ साथ सरकार से आर पार की लड़ाई की घोषणा करेंगे। प्रदेश प्रेस प्रवक्ता व पब्लिक हेल्थ ब्रांच प्रधान विनोद शर्मा ने बताया कि आज पब्लिक हेल्थ ब्रांच में सुरेन्द्र मोर अपने अन्य साथियों को साथ लेकर अन्य संगठन को छोड़कर हमारे संगठन में शामिल हुए। इस दौरान सभी की सर्वसम्मति से सुरेन्द्र मोर को ब्रांच उपप्रधान, दिलबाग सिंह को ब्रांच सह सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई।



सोनीपत। नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए।

#### कर्मचारियों की मुख्य मांगें

2020-2023 वित्त वर्ष की एलटीसी का भुगतान, खाली पड़े पदों पर पदोन्नति, जर्जर पड़े जलघरों की मरम्मत, कौशल कर्मचारियों का मानदेय बढ़ाया जाएं, सभी कौशल कर्मचारियों को जाब सुरक्षा गारंटी दी जाए।

#### बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में प्रदेश प्रेस प्रवक्ता विनोद शर्मा, प्रदेश सह सचिव सतीश कुमार रंगा, पंचायती ट्यूबवेल आपरेटर ब्रांच से सुंदर सिंह, संदीप कुमार, प्रदीप, सोनू, सुभाष कुमार, बागवानी ब्रांच से लहणा सिंह, विजय कुमार, रवि गुलिया, कृष्ण कुमार, इलैक्ट्रिक ब्रांच से बृज मोहन, बीएण्डआर से मोहन सिंह, नरेश कुमार, रामेश्वर, पब्लिक हेल्थ ब्रांच से सुरेन्द्र सिंह, अमित, शंभू, धूप सिंह, दिलबाग सिंह, सुरेंद्र मोर, सतीश कुमार, जसबीर, राजबीर, देवेन्द्र, रणबीर, सतबीर, धर्मेन्द्र, सुमेर चंद आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

---

# प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग पर दिया दो दिवसीय प्रशिक्षण

**सोनीपत।** गेटवे इंटरनेशनल स्कूल, सोनीपत में दो-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का वीरवार को समापन किया गया। कार्यक्रम का विषय प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग था, जिसका उद्देश्य शिक्षकों को इस नवीनतम शिक्षण पद्धति के बारे में जागरूक करना और उन्हें इसके प्रभावी उपयोग के लिए प्रशिक्षित करना था। प्रशिक्षक विष्णुकांत ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन किया। उन्होंने शिक्षकों को प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग के सिद्धांतों और इसके व्यावहारिक अनुप्रयोगों के बारे में विस्तार से बताया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य विषय एंपावर एजुकेटर्सः व अनुभव जनित शिक्षणः रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. प्रेम ओझा और उप प्रधानाचार्या डॉ. रिंपी वर्मा ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया।



सोनीपत। शिविर में शामिल प्रतिभागी।

# औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में दाखिले के आवेदन आज से

**गन्नौर।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में दाखिले के लिए आवेदन की प्रक्रिया वीरवार से शुरू हो जाएगी। आवेदन 6 जून से 20 जून तक ही स्वीकार किए जाएंगे। राजलू गढ़ी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य अशोक कुमार ने बताया कि आवेदन के लिए छात्रों को अपनी शैक्षणिक योग्यता का सर्टिफिकेट, आधार कार्ड, फैमिली आईडी, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी, पासपोर्ट साइज फोटो, हरियाणा रिहायशी प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र व बैंक पासबुक अनिवार्य है। इच्छुक दाखिला के लिए आनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं। काउंसिलिंग के लिए छात्र आईटीआई भी आ सकते हैं। इसके लिए भी पूरी तैयारी की गई है। आईटीआई में हेल्प डेस्क भी बनाया गया है। यहां आकर भी छात्र आवेदन कर सकते हैं। प्रधानाचार्य ने बताया कि आईटीआई राजलू गढी में फीटर रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनर, पेंटर, इलेक्ट्रीशियन, कोपा, वेल्डर, प्लंबर, स्टेनो व्यवसायों में कुल 284 सीटों पर दाखिले किए जाने हैं। आईटीआई में दाखिला लेने वाली बेटियों की ट्यूशन फीस माफ रहेगी व 1000 रुपये टूल किट निश्शुल्क दी जाएगी। साथ ही आईटीआई में दाखिला लेने पर बेटियों को फ्री बस सुविधा मिलेगी।



---

# सहेली के शादी समारोह में आई अध्यापिका का पर्स चोरी

- पीड़िता ने मामले को लेकर पुलिस को दी शिकायत, मुकदमा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र के देवड़ू रोड पर स्थित बैंकेट हॉल में सहेली के शादी समारोह में शिरकत करने गई अध्यापिका का पर्स चोरी होने का मामला सामने आया है। चोरों ने पर्स में रखे एटीएम का इस्तेमाल किया तो अध्यापिका को जानकारी मिली। पीड़िता ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने सीसीटीवी की जांच की संदिग्ध युवक कमरे से बाहर निकलता हुआ पाया गया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। नीलोखड़ी करनाल निवासी कविता ने बताया कि वह अपने पति के साथ अपनी सहेली अनीता की शादी में आई हुई थी। उसने अपना पर्स बैंकेट हाल में बने कमरे में रखा था। इसके बाद वह शादी में व्यस्त हो गई। शाम को 6.40 मिनट पर उसके मोबाइल पर मैसेज आया। उसने देखा तो उसमें लिखा था कि पिन नंबर गलत डाला गया है। उसने तुरंत कमरे में जाकर देखा तो वहां पर पर्स नहीं मिला। पर्स में एटीएम कार्ड, मंगलसूत्र, 20 हजार रुपये, स्कूटी की आरसी, आधार कार्ड और पैन कार्ड था। अपने स्तर पर पर्स की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। जांच अधिकारी एसआई भीम सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। सीसीटीवी में संदिग्ध युवक दिखाई दे रहा है। जल्द से जल्द युवक की पहचान कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### अस्पताल में दो मशीनों के होने से मरीजों को मिलेगा लाभ

# नागरिक अस्पताल परिसर में एक्सरे मशीन लगाने का काम शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

नागरिक अस्पताल में एक्स-रे मशीन को इंस्टॉल करने का काम शुरू कर दिया गया है। अस्पताल में अब दो मशीनों के माध्यम से मरीजों के एक्स-रे किए जा सकेंगे। नई मशीन चालू होने के बाद मरीजों को काफी राहत मिलेगी और एक्स-रे कराने में लगने वाला समय भी कम हो जाएगा।

बता दें कि नागरिक अस्पताल में हर रोज करीब दो हजार से ज्यादा मरीजों की संख्या है। वहीं नागरिक अस्पताल में हर दिन 120 से ज्यादा मरीज एक्स-रे करवाने आते हैं। डिजिटल एक्स-रे मशीन में एक्स-रे को धोने सुखाने की जरूरत नहीं पड़ती। एक्स-रे की रिपोर्ट मिनटों में मिल जाती है। अस्पताल में डिजिटल मशीन के खराब होने पर मरीजों की परेशानी होती है। नागरिक अस्पताल में इमरजेंसी मरीज आते रहते हैं। इन्हें एक्स-रे की जरूरत पड़ती है। इसी तरह मर्डर केस में भी एक्स-रे की आवश्यकता पड़ती है। कई बार एक्स-रे न होने पर शव को खानपुर कलां स्थित बीपीएस राजकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रेफर करना पड़ता है।



सोनीपत। मशीन को स्थापित करते हुए कर्मचारी।

#### सुविधा बढ़ने से मरीजों को मिलेगा लाभ

नागरिक अस्पताल में पहले से एक एक्स रे मशीन है। इस मशीन को करीब चार साल पहले लगाया गया था। मशीन बार-बार खराब होने के कारण मरीजों के एक्स-रे नहीं हो पाते हैं। जिससे मरीजों को बिना एक्स-रे कराए वापस लौटना पड़ता है। नागरिक अस्पताल में मरीजों को बेहतर चिकित्सक सुविधा उपलब्ध हो उसके लिए नई एक्स-रे मशीन पहुंची है। जिसे जल्द स्थापित कर मरीजों की सुविधा के लिए उपलब्ध करवा दिया जाएगा। डिजिटल मशीन को ओपीडी के मरीजों को लिए इंस्टॉल किया जा रहा है। वहीं, सीडीआर मशीन को ऑपरेशन थियेटर में इंस्टॉल किया जा रहा है।

#### कार्य तेजी से करने के निर्देश

एक्सरे विभाग में नई मशीन आई है। जिसे कर्मचारियों की तरफ से इंस्टॉल किया जा रहा है। कार्य को तेजी से करने के निर्देश दिए है। मशीन स्थापित होने पर मरीजों को सुविधा मिल सकेगी। मरीजों की सुविधा के लिए बेहतर करने के लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे है।

**-डा. संदीप लठवाल, मीडिया नोडल अधिकारी नागरिक अस्पताल।**

टूरिस्ट स्पॉट्स / रजनी अरोड़ा

हमारे देश में ऐसे कई गार्डन हैं, जो अपनी नायाब खूबसूरती के लिए मशहूर हैं। इन गार्डंस में जो भी जाता है, यहां की खूबसूरती देखकर मंत्रमुग्ध हो जाता है। जानो, देश के इन अमेजिंग गार्डंस के बारे में कि ये किन विशेषताओं के कारण मशहूर हैं।

# अमेजिंग-अट्रैक्टिव गार्डंस



## मुगल गार्डन श्रीनगर

**धरती का** स्वर्ग कहे जाने वाले कश्मीर में स्थित इस गार्डन को 17वीं शताब्दी में मुगल सम्राट जहांगीर ने बनवाया था। संपूर्ण मुगल गार्डन में शालीमार गार्डन, चश्म-ए-शाही,



निशात बाग जैसे कई खूबसूरत गार्डंस हैं। मुगल गार्डन अपने आश्चर्यजनक आर्किटेक्ट, फूलों की क्यारियों और पास बहने वाली डल झील के लिए मशहूर है। मुगल गार्डन में शालीमार बाग सबसे बड़ा और लोकप्रिय गार्डन है। यह फारसी और मुगल शैली में बना एक बेहतरीन पहाड़ी गार्डन है। इसमें 4 सीढ़ीदार लॉन हैं, जिसमें सबसे ऊपरी लॉन केवल मुगल शासकों और उनकी रानियों के लिए बनाया गया था। यहां अलग-अलग डिजाइन के फव्वारे भी बनाए गए हैं, जो गार्डन की खूबसूरती को बढ़ाते हैं। निशात बाग पारंपरिक शैली में बना दूसरा बड़ा मुगल गार्डन है। यह श्रीनगर से 11 किलोमीटर दूर डल झील के पूर्वी हिस्से पर बना हुआ है। इस गार्डन से तुम डल झील की खूबसूरती को भी निहार सकते हो। इस सीढ़ीदार गार्डन के एक तरफ झील और दूसरी तरफ हिमालय की चोटी दिखाई पड़ती है।

## बॉटेनिकल गार्डन कोलकाता

**कोलकाता के** बॉटेनिकल गार्डन की स्थापना 1787 में रोबोट किड द्वारा की गई थी। यह गार्डन 109 हेक्टेयर में फैला हुआ है, जिसकी देख-रेख बॉटेनिकल सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा की जाती है। इस गार्डन की सबसे खास बात यह है कि यहां लोगों को दुनिया का सबसे बड़ा बरगद का पेड़ देखने को मिलता है, जिसकी चौड़ाई 330 मीटर से अधिक है।

## रॉक गार्डन चंडीगढ़

यह गार्डन चंडीगढ़ के प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक है। इसका निर्माण नेक चंद सैनी ने करवाया था, इसीलिए इसे 'नेक चंद सैनी गार्डन' के नाम से भी जाना जाता है। रॉक गार्डन किसी भूल-भुलैया जैसा है। इस गार्डन की खासियत है कि इसे पूरी तरह से शहरी और औद्योगिक कचरे के स्क्रैप, जैसे- टूटे-फूटे कांच, पुरानी चूड़ियां, टाइल्स, क्रॉकरी, मार्बल्स आदि को रिसाइकल करके बनाया गया है। यह गार्डन ईको-टूरिज्म का बेहतरीन उदाहरण है।



## बृंदावन गार्डन मैसूर

यह मैसूर से 20 किमी दूर कावेरी नदी में बने कृष्णराज सागर डैम के पास बना है। यह गार्डन इतना बड़ा है कि इसमें 20 लाख से भी ज्यादा लोग एक साथ घूम सकते हैं। इस गार्डन को कश्मीर के शालीमार गार्डन की तरह मुगल स्टाइल और आधुनिक बागवानी तकनीक के तालमेल से बनाया गया है। यह अपने आइसोमीट्रिक डिजाइन, सीढ़ीदार बगीचों



और लाइट से जगमगाते म्यूजिकल फव्वारों की खूबसूरती के लिए मशहूर है, जो रात में एक जादुई माहौल बनाते हैं।

## बॉटेनिकल गार्डन ऊटी

यह भारत के सबसे बड़े बॉटेनिकल गार्डन में से एक है। 1848 में बनाया गया यह बॉटेनिकल गार्डन 22 हेक्टेयर क्षेत्रफल में फैला हुआ है। गार्डन की छोटी-बड़ी क्यारियों में पेड़-पौधों की 650 से अधिक किस्में मिलती हैं। यहां 20 लाख साल पुराने पेड़ का जीवाश्म संजो कर रखा गया है। इस गार्डन में 2000 से भी अधिक विदेशी प्रजाति के पेड़-पौधे हैं। गार्डन में बनी छतरीनुमा बैठने की जगह पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है, जो उन्हें कुछ पल वहां रुकने के लिए मजबूर कर देती हैं। हर साल मई के महीने में यहां समर



फेस्टिवल मनाया जाता है। इस गार्डन का खास आकर्षण फ्लॉवर शो है। इस गार्डन की देख-रेख तमिलनाडु सरकार का हॉर्टिकल्चर डिपार्टमेंट करता है।

## हैंगिंग गार्डन मुंबई

यह गार्डन मालाबार हिल के पश्चिमी छोर पर कमला नेहरू पार्क के बगल में स्थित एक टेरेस गार्डन है। इसका निर्माण साल 1881 में उल्हास घाटकोपर द्वारा करवाया गया था। आज यह मुंबई के प्रसिद्ध पर्यटक स्थलों में से एक है। इसे 'फिरोजशाह मेहता गार्डन' के नाम से भी जाना जाता है। इस गार्डन का प्रमुख आकर्षण 'ओल्ड



लेडी शू' है। शाम के समय इस पार्क में अरब सागर पर सूर्यास्त का नजारा देखते ही बनता है, जिसे देखने के लिए यहां पर्यटकों का तांता-सा लगा रहता है। *

# एस्टिवेशन के जरिए अपने आपको भीषण गर्मी से बचाते हैं कुछ जंतु

बच्चो, कई जंतु गर्मी के मौसम में अपने आपको बहुत शिथिल ओर निष्क्रिय कर लेते हैं। ऐसा करके वे प्रतिकूल मौसम में अपने आपको बचाते हैं। इस प्रक्रिया को एस्टिवेशन या ग्रीष्म निष्क्रियता कहते हैं। जानो, क्या है एस्टिवेशन और इससे इन जंतुओं को क्या लाभ मिलता है?

जानकारी
शिखर चंद जैन

बच्चो, गर्मी के मौसम में अगर तुम कभी जू गए हो, तो तुमने घड़ियाल को दलदल-कीचड़ में, जलाशय के पास मुंह फाड़े आलस्य की अवस्था में पड़े देखा होगा। काफी देर तक उसके शरीर में कोई हलचल नहीं होती। घड़ियाल को इस अवस्था में देखकर यह संदेह होता है कि कहीं वह मर तो नहीं गया? या फिर यह पत्थर की बनी घड़ियाल की आकृति तो नहीं है? दरअसल, गर्मी के मौसम में घड़ियाल एस्टिवेशन की प्रक्रिया से गुजर रहा होता है।

**क्या है एस्टिवेशन:** गर्मी के महीनों में बहुत-से जंतु अपनी शारीरिक गतिविधि धीमी या बंद कर



देते हैं। इस दौरान वे बिल्कुल शिथिल होकर किसी छायादार, जलमग्न या ठंडी जगह पर पड़े रहते हैं या सोए रहते हैं। ऐसा वे खुद को रिलैक्स करने और ऊर्जा बचाने के लिए करते हैं। इस पूरी



प्रक्रिया को एस्टिवेशन या ग्रीष्म निष्क्रियता कहते हैं।

**क्यों करते हैं एस्टिवेशन:** कुछ जंतु एस्टिवेशन इसलिए करते हैं ताकि भयंकर गर्मी में खुद को सुरक्षित रख सकें। एस्टिवेशन की प्रक्रिया के दौरान जंतु के शरीर में कई तरह के परिवर्तन भी होते हैं। ज्यादातर जंतुओं में मेटाबॉलिक दर कम हो जाती है। हार्ट बीट और ब्रीदिंग भी काफी धीमी हो जाती है। एस्टिवेशन गर्मी के मौसम में जानवरों को डिहाइड्रेशन से भी बचाता है।

**कौन से जंतु करते हैं एस्टिवेशन:** एस्टिवेशन वर्टिब्रेट्स (कशेरुकी यानी रीढ़ की हड्डी वाले) और इनवर्टिब्रेट्स (अकशेरुकी यानी बिना रीढ़ की हड्डी वाले) दोनों प्रकार के जंतु करते हैं। ये जलीय, स्थलीय या उभयचर हो सकते हैं। घड़ियाल, कछुआ, मेंढक, सांप की कई प्रजातियां, लंग फिश, लेडी बीटल, मच्छर, हनी एंट, पतंगे, केंचुए, घोंघे, केकड़े जैसे कई जंतु गर्मी के मौसम में एस्टिवेशन करते हैं। *

## हमिंग बर्ड, ड्वार्फ लेमुर भी करते हैं एस्टिवेशन

**पक्षियों में** हमिंग बर्ड भी एस्टिवेशन करता है। दरअसल, हमिंग बर्ड में मेटाबॉलिज्म (चयापचय) बहुत तेजी से होता है, जिसके लिए उसे अत्यधिक ऊर्जा की आवश्यकता होती है। गर्मी के मौसम में जब हमिंग बर्ड को कम भोजन मिलता है, तो वह कुछ समय के लिए एस्टिवेशन में चला जाता है ताकि वह अपनी ऊर्जा बचा सके। इसी तरह ड्वार्फ लेमूर भी गर्म और शुष्क मौसम में खुद को जीवित रखने के लिए एस्टिवेशन का सहारा लेता है। ड्वार्फ लेमूर तो कई बार सात महीने तक एस्टिवेशन में रहता है।



तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# गुदगुदाती-सिखाती कहानियां

बच्चो, हाल में ही दस मजेदार कहानियों की किताब 'बादल रोने लगा' छपकर आई है। इस किताब के लेखक प्रसिद्ध बाल-साहित्यकार संजीव जायसवाल 'संजय' हैं। किताब की लगभग सारी कहानियां ऐसी हैं, जिन्हें पढ़ने में तुमको मजा तो आएगा ही, बुरी आदतों से दूर रहने की सीख भी मिलेगी। पहली कहानी 'पिंटू आइस पार्लर' में चालाक जंबो हाथी को जंगल के मंत्री भालू दादा कैसे सबक सिखाते हैं, यह पढ़ सकते हो। 'बादल रोने लगा' एक भोले-भाले बादल के टुकड़े की प्यारी सी कहानी है। खेती करने के लिए हल और बैल में से किसान के लिए क्या अधिक महत्वपूर्ण होता है, इसका जवाब तुम 'हल और बैल' कहानी में जान सकते हो। कुछ इसी तरह सिलाई करने वाली सूई के घमंड का क्या परिणाम होता है, इसे 'नाली में सूई' कहानी में पढ़ सकते हो। खुद को दूसरे से श्रेष्ठ मानने वाली सब्जियों के आपसी विवाद की मजेदार कहानी 'सब्जियों का राजा कौन' है। चुन्नी नाम की गिलहरी को अपनी नासमझी का क्या परिणाम भुगतना पड़ता है, इसे गुदगुदाने वाली कहानी 'कटहल ने दौड़ाया' में पढ़ सकते हो। इसी तरह 'जलेबी और समोसा' कहानी पढ़कर भी तुमको मजा आएगा। इसमें एक ऐसे लापरवाह मिठाई वाले का किस्सा है, जो साफ-सफाई का ध्यान नहीं रखता है। उसकी दुकान में रखे समोसे और जलेबी की बातचीत बहुत रोचक है। इनके अलावा 'शरारतों के उस्ताद', 'टीटू तुम फिर आना' और 'बात समझ में आ गई' कहानियां पढ़ने में भी तुमको खूब मजा आएगा। *




**किताब :** बादल रोने लगा, **लेखक :** संजीव जायसवाल 'संजय', **मूल्य :** 260 रुपए, **प्रकाशक :** अद्विक पब्लिकेशन, दिल्ली

## जीके क्विज-156

1. मिस वर्ल्ड-2025 का खिताब किसने जीता?
2. किस टीम ने आइपीएल-2025 की ट्रॉफी जीती?
3. भारतीय टेस्ट क्रिकेट टीम का नया कप्तान किसे चुना गया है?
4. भारत की पहली महिला मुख्य चुनाव आयुक्त कौन थीं?
5. अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कब मनाया जाता है?
6. स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री कौन थे?
7. भारत का सबसे छोटा राज्य कौन-सा है?
8. किस देश को पछाड़कर भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी इकोनॉमी वाला देश बन गया है?
9. न्यूजीलैंड की राजधानी कहां है?
10. ओजोन परत को नुकसान पहुंचाने के लिए मुख्य रूप से कौन-सी गैस जिम्मेदार है?



बच्चो, जीके क्विज-155 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-155 का उत्तर :** 1.अनीता आनंद, 2.बानू मुश्ताक, 3.यूएसएस नाटलिस, 4.संजय मल्होत्रा, 5.कर्नाटक, 6.इटली, 7.पृथ्वीराज चौहान, 8.लैक्टोवेसिलस, 9.मैंगीफेरा इंडिका, 10. 5 जून

**जीके क्विज-155 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, कोमल-रायपुर, जयंत-बिलासपुर, हर्षित- दुर्ग, दिव्या-बलौदा बाजार, संकेत-महासमुंद, कुंदन-भोपाल, आकाश-रायगढ़, शिवम-मटियारी, चिराग-रोहतक, सचिन-महेंद्रगढ़

कहानी
मोहम्मद अरशद खान

कल ही हमने पर्यावरण दिवस मनाया है। पेड़-पौधे हमारे जीवन में ही नहीं, हर जीव जंतु के लिए कितने महत्वपूर्ण हैं, यह कहानी यही बता रही है। अप्पू ने अपने घर के लॉन में लगे एक घने, विशाल पेड़ को जिद करके कटवाना चाहा तो हाहाकार-सा मच गया। क्या अप्पू को पेड़ काटने का इरादा छोड़ना पड़ा?

# अप्पू और पेड़



अप्पू के लॉन में एक पेड़ था। पेड़ पर कौए दिन भर शोर मचाते रहते थे। बंदर भी खूब उछल-कूद करते। हवा चलती तो कमरे में ढेर सारी सूखी पत्तियां भर जातीं। अप्पू को इन चीजों से बड़ी उलझन होती। एक दिन अप्पू ने परेशान होकर पापा से कहा कि पेड़ कटवा दें। पापा ने उसे बहुत समझाया लेकिन वह नहीं माना। आखिरकार उसकी जिद पर पापा पेड़ कटवाने पर राजी हो गए।

अगले दिन अप्पू हमेशा की तरह अपने कमरे में बैठा पढ़ रहा था। अचानक खिड़की पर 'चीं-चीं' की आवाज सुनाई दी। उसने देखा एक चिड़िया अपने दो बच्चों के साथ बैठी उसकी ओर देख रही थी। उसका चेहरा उदासी से लटका हुआ था।

'तुम्हें क्या हुआ नन्ही चिड़िया?' अप्पू ने पूछा।

चिड़िया ने बताया, 'अप्पू, मैं तुम्हें अलविदा कहने आई हूं।' अप्पू चिड़िया की बात सुनकर हैरान रह गया।

'सुना है यह पेड़ कटने जा रहा है। अब नए घर की तलाश में मुझे कहीं और जाना होगा। मेरे बच्चे अभी छोटे हैं। वे लंबी उड़ान नहीं भर सकते। रास्ते में चील-कौओं का भी खतरा रहेगा। इसलिए मैं बहुत परेशान हूं।' चिड़िया यह कह कर दुःख से चेहरा लटकाए चली गई।

अप्पू चिड़िया को पुकारना ही चाहता था कि तभी एक गिलहरी खिड़की पर चढ़ आई। उसका चेहरा भी उतरा हुआ था। वह दुखी स्वर में बोली, 'यह पेड़ मुझे बहुत प्यारा था। मैं इसकी गोद में खेल-कूदकर बड़ी हुई हूं। इसे छोड़ते हुए बहुत दुख हो रहा है, लेकिन जब यह पेड़ ही नहीं रहेगा तो मैं यहां रह कर क्या करूंगी?' गिलहरी उदासी से मुंह लटकाए चली गई। अप्पू उसकी हिलती हुई पूंछ तब तक देखता रहा, जब तक वह लॉन की दीवार से नीचे नहीं उतर गई।

तभी अप्पू की नजर लाइन बना कर जाती हुई चींटियों पर पड़ी। वे हड़बड़ी में थीं, अपने अंडे उठा कर भागी जा रही थीं। 'तुम सब कहां भागी जा रही हो?' अप्पू ने चींटियों से पूछा। 'इस पेड़ की जड़ों में हमारी बांबी थी, लेकिन अब यह पेड़ कटने वाला है, इसलिए हम लोग यह जगह छोड़कर जा रही हैं।' कहते हुए चींटियों का झुंड आगे बढ़ गया।

तभी खिड़की के पल्लों को खटखटाती हुई ठंडी हवा अंदर आई। अप्पू को बहुत अच्छा लगा। उसने कहा, 'धन्यवाद हवा, तुम्हारी वजह से हमें कितनी राहत मिलती है।'

हवा बोली, 'लेकिन अप्पू, मैं यह कहने आई हूं कि आज के बाद से मैं इधर नहीं आया करूंगी। पेड़ से मेरी दोस्ती थी। उसकी वजह से मैं इधर खिंची चली आती थी, लेकिन अब मेरा आना इधर नहीं हो पाएगा। अब यहां मेरी छोटी बहन गर्म हवा आया करेगी।' हवा की बात सुनकर अप्पू एकदम घबरा गया।

हवा के जाते ही बादल का एक टुकड़ा खिड़की पर आकर टिक गया और बोला, 'मैं भी तुम्हें अलविदा कहने आया हूं, अप्पू। पेड़ जब गर्मी से परेशान हो जाता था तो वह हवाओं से संदेश भिजवाता था। मैं आकर गर्मी से तप रही धूल सनी पत्तियों को अपनी फुहारों से धो देता था। फिर हम दोनों मिल कर खूब बातें करते थे। अब उसके बिना यहां आकर मैं क्या करूंगा?' इतना कह कर बादल आसमान में ऊपर उठ गया और धीरे-धीरे गायब हो गया।

अप्पू ने देखा फूल, रंग, खुशबू सब धीरे-धीरे गायब हो रहे हैं। वह यह सब देखकर डर गया। वह चीख पड़ा, 'नहीं-नहीं यह पेड़ नहीं कटेगा ..पेड़ नहीं कटेगा... मम्मी...! पापा...!'

'क्या हुआ अप्पू? नींद में क्या बड़बड़ा रहे हो?' मम्मी अप्पू को जगाती हुई बोलीं। दरअसल, अप्पू पढ़ते-पढ़ते मेज पर ही सिर रख कर सो गया था।

'अच्छा, तो यह केवल एक सपना था!' अप्पू ने चैन की सांस ली और माथे का पसीना पोंछने लगा। उसने खिड़की से बाहर झांक कर देखा। पेड़ की पत्तियां धूप में चमक रही थीं। वह पेड़ हवाओं के साथ सुर में सुर मिला कर गा रहा था। अप्पू भाग कर बाहर आया और उसने पेड़ को अपनी बांहों में भर लिया। अप्पू ने मन ही मन तय कर लिया था कि वह पापा से कह देगा कि अब इस पेड़ को नहीं कटवाएं। *

कविता
राकेश चक्र



## कुल्फी लगे बड़ी कमाल

उमस, गर्मी से बेहाल।
ताजा नीर करे निहाल।।
घूंट-घूंट से बुझे प्यास है।
घड़ा, सुराही नीर स्वाद है।
कुल्फी लगे बड़ी कमाल।।
चिप-चिप-चिप-चिप बहे पसीना।
जून-जुलाई तपे महीना।
कहीं भरे सरोवर ताल।।
कहीं बाढ़ से मची तबाही।
ग्लोबल वार्मिंग दौड़ी आई।
एसी, वाहन मायाजाल।।
हमें प्रदूषण कम करना है।
पौध रोप खुशियां भरना है।
तब तपन का आए काल।।

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां दिए गए दोनों चित्रों में टीना अपने लवली डॉगी के साथ खड़ी है। एक जैसे दिखने वाले इन दोनों चित्रों में छह अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सभी अंतर खोजकर बताने हैं। फटाफट सारे अंतर बताओ।




**उत्तर:** 1.डॉगी की पूंछ दिख रही है। 2.डॉगी की दोनों आंखें बंद हैं। 3.डॉगी की जीभ बाहर निकली हुई है। 4.टीना के दो चोटियां बनाई हुई हैं। 5.टीना का मुंह बंद है। 6.टीना की टी-शर्ट पर अंग्रेजी में 'गर्ल्स' नहीं लिखा हुआ है।

## चित्र पूरा करो

बच्चो, यहां पेड़ से फल तोड़ती हुई एक लड़की का चित्र दिया गया है। इस चित्र का एक हिस्सा कटा हुआ है। चित्र के बगल में दिए गए तीन ऑप्शंस में से तुम सही कटआउट को खाली जगह पर लगाकर चित्र पूरा करो।




**उत्तर :** A

## खबर संक्षेप

### पर्यावरण दिवस पर जेल में किया पौधरोपण

**सोनीपत।** रक्षक सेना के सौजन्य व पर्यावरण मित्र मनीष सोनीपत के सहयोग से जिला कारागार में पर्यावरण दिवस मनाते पौधारोपण किया गया। उप-अधीक्षक केके मान एवं अन्य जेल पुलिस कर्मी मौजूद रहे। सर्वप्रथम सभी आगंतुकों ने केके मान के पिता रोहतास का अभिवादन करके आशिर्वाद लिया उसके बाद पौधारोपण कार्य शुरू किया गया। जिसमें रक्षक सेना प्रमुख मनजीत तिहाड़ा ने पर्यावरण दिवस के कार्यक्रम को हर दिन मनाने के लिए संदेश दिया। कहा कि पौधे लगाना केवल एक दिन की क्रिया नहीं है। यह हर दिन निरन्तर होनी चाहिए।

### पर्यावरण को समग्र रूप में समझना आवश्यक

**सोनीपत।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में केवल पेड़ लगाने, प्लास्टिक के उपयोग पर रोक और पराली न जलाने जैसे मुद्दों पर ही ध्यान केंद्रित किया, जबकि पर्यावरण को समग्र रूप में समझना आवश्यक है। ट्रस्ट प्रमुख व वन कर्मचारी संघ हरियाणा के पूर्व प्रधान जीवन सिंह व संघ के प्रेस प्रवक्ता आनंद शर्मा ने कहा कि पर्यावरण केवल जल, जंगल और जमीन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके अध्ययन में इतिहास, राजनीति, मनोविज्ञान, अर्थशास्त्र, विज्ञान, साहित्य जैसे विषयों की भूमिका अहम है।

### पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किया

**सोनीपत।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सोनीपत में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ. कृष्ण कुमार ने पर्यावरण जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर की। रैली में छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण के नारे लगाकर लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर छात्रों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें निबंध लेखन, भाषण तथा पोस्टर मेकिंग शामिल रही।

### फ्री चिकित्सा शिविर का रोगियों को मिला लाभ

**खरखौदा।** ठाकुर जी की रसोई और युवा शक्ति क्लब के संयुक्त सौजन्य से वीरवार को लाला जय नारायण धर्मशाला, खरखौदा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। जिसमें नेत्र जांच, न्यूरोथैरेपी, फिजियोथैरेपी, हड्डी रोग, स्त्री रोग व जनरल फिजिशियन सहित विभिन्न चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गईं। शिविर संयोजक नीरज गुप्ता ने बताया कि नेत्र विभाग में 140 मरीजों की जांच कर 8 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु शेख सराय, दिल्ली के वेणु आई हॉस्पिटल भेजा गया।

### गंगा दशहरा पर्व पर लगाई छबील



**सोनीपत।** गंगा दशहरा के मौके पर शिवमन्दिर सुधार समिति नरेंद्र नगर के सौजन्य से राठधना रोड पर सड़क के दोनों तरफ नरेंद्र नगर के समस्त श्रद्धालुओं के सहयोग से मीठे पानी की छबील लगाई गई। शिवमन्दिर सुधार समिति के आचार्य मनमोहन मिश्रा ने बताया कि समिति के सदस्यों सुरेश वत्स, राजसिंह, विजय वर्मा, महावीर रोहिल्ला, विक्रम गर्ग, पवन त्यागी और राठधना रोड नरेंद्र नगर की मार्केट के दुकानदारों के प्रयास से ही यह पुनीत कार्य सम्पन्न हुआ।

### पौधरोपण के साथ मनाया जन्मदिन

**गोहाना।** गांव गढ़ी उजाले खां निवासी कप्तान सिंह सैनी ने गुरुवार को पौधारोपण करके अपना 44वां जन्मदिन मनाया। पर्यावरण संरक्षण के लिए वे हर वर्ष पोधारोपण के साथ अपना जन्मदिन मनाते हैं। ग्रामीण कप्तान सिंह सैनी ने अपने जन्मदिन पर अपनी पत्नी रोशनी देवी और बेटी काजल के साथ गांव गढ़ी उजाले खां की श्मशान भूमि में मौसमी का पौधा लगाया और की नियमित देखभाल की जिम्मेदारी भी ली। उन्होंने कहा कि यह पौधा जब तक पेड़ की श्रेणी में नहीं आ जाता वे तब तक इसकी नियमित देखभाल करेंगे।

---

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया

# प्रकृति बगैर मानव जीवन असंभवः सहकारिता मंत्री

*लोग पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति जागरूक और सचेत रहेंः डॉ. अरविंद शर्मा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया। मंत्री ने कि विश्व पर्यावरण दिवस मनाए जाने का मकसद लोगों को पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति जागरूक और सचेत करना है। प्रकृति बिना मानव जीवन संभव नही। ऐसे में यह बेहद जरूरी है कि हम पेड़ पौधों, जंगलों के महत्व को समझें। उन्होंने कहा कि इस बार विश्व पर्यावरण दिवस प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना थीम पर मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्लास्टिक कचरा महासगरों को प्रदूषित कर रहा है, वन जीवों को नुकसान पहुंचा रहा है और हमारे भविष्य को खतरे में डाल रहा है। उन्होंने बताया कि रीसाइक्लिग को अपनाकर, सिंगल-यूज प्लास्टिक का उपयोग न करके तथा अपनी उपभोग की आदतों में परिवर्तन करके हम एक स्वस्थ और प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं।



गोहाना। पौधरोपण करते कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा। फोटो : हरिभूमि



सोनीपत। पुलिस लाइन में पौधारोपण करते विधायक, मेयर साथ में अधिकारीगण। फोटो :हरिभूमि

### पर्यावरण को संरक्षित सुव्यवस्थित रखना हमारा कर्तव्यः मेयर

**सोनीपत।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पुलिस लाईन में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में विधायक निखिल मदान व मेयर राजीव जैन के नेतृत्व में पौधे रोपित किए गए। विधायक निखिल मदान ने बताया कि 1972 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मानव पर्यावरण पर स्टॉकहोम सम्मेलन के पहले दिन को विश्व पर्यावरण दिवस के रूप में घोषित किया। विश्व के लगभग 150 देश में पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। पृथ्वी की बढ़ती जनसंख्या, औद्योगिकीकरण और प्रदूषण के कारण पर्यावरण पर दबाव बढ़ रहा है। इसलिए, ये आवश्यक है कि हम पर्यावरण संरक्षण के लिए काम करें और अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण अनुकूल आदतों को अपनाएं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमें पर्यावरण संरक्षण के लिए कदम उठाने चाहिए। मेयर राजीव जैन ने कहा कि पर्यावरण को संरक्षित सुव्यवस्थित रखना हमारा कर्तव्य है। वनों की लगातार कटाई से मानव स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। इससे ग्रीन हाउस प्रभाव से पृथ्वी के तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है।

---

# ईश्वर इंटरनेशनल स्कूल ने 11 पदक जीते

- मथुरा के वृंदावन में राष्ट्रीय ओपन ताइक्वांडो चैंपियनशिप आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना




गोहाना। पदक विजेता खिलाड़ी प्रसन्नचित मुद्रा में। फोटो : हरिभूमि

गोहाना-सोनीपत मार्ग स्थित ईश्वर इंटरनेशनल स्कूल के खिलाड़ियों ने स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय ओपन ताइक्वांडो चैंपियनशिप में 11 पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। गुरुवार को स्कूल में एमडी अनिल मलिक ने पदक विजेताओं को समारोहपूर्वक सम्मानित किया। समारोह की अध्यक्षता प्राचार्या उषा कौशिक ने की।

मथुरा के वृंदावन में 1, 2 व 3 जून को स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय ओपन ताइक्वांडो प्रतियोगिता : 2025 आयोजित की गई। प्रतियोगिता में हनी और आदित्य ने स्वर्ण पदक, आर्यन और भाविक ने रजत पदक, विहान, अंश, मनन, कणिक, शौर्य, आदित्य और उज्ज्वल ने कांस्य अपने नाम कर लिया। एमडी अनिल मलिक ने कहा कि खिलाड्यों ने चैंपियनशिप में पदक जीतकर राष्ट्रीय स्तर पर स्कूल का नाम रोशन किया है। उन्होंने खिलाडियों को लक्ष्य हासिल करने के लिए मेहनत के साथ आगे बढने के लिए प्रेरित किया।



सोनीपत। गांव मलिकपुर में पौधरोपण करते हुए युवा। फोटो :हरिभूमि

### पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

**सोनीपत।** गांव मलिकपुर में वीरवार को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस दौरान युवाओं ने खेल मैदान व अन्य स्थानों पर 600 पौधे लगाए, साथ ही ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मोहित सैनी व गौरव सैनी ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने चाहिए। वनस्पति की रक्षा करना, जल संचयन और पानी की बचत करना, ऊर्जा की बचत और अक्षय ऊर्जा स्रोतों का उपयोग करना, प्रदूषण कम करना पर्यावरण दिवस का उद्देश्य है। युवाओं ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में औद्योगिकीकरण को बढ़ावा मिल रहा है। जिससे बड़ी संख्या में पेड़ काटे जा रहे हैं। ऐसे में पर्यावरण संरक्षण के लिए बड़ी संख्या में पौधरोपण जरूरी है। रोहित, सूर्यकांत, मोहित, अंकित, मोनू आंतिल, अशोक सैनी, राकेश सैनी, गौरव सैनी, अमन त्यागी, लवकुश सैनी, नितिन सैनी मौजूद रहे।

### आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा टीम ने रोपे पौधे

**गोहाना।** गुरुवार को पर्यावरण दिवस पर आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा की टीम ने गांव सिरसाढ़ सहित कई अन्य स्थानों पर पौधारोपण किया। टीम ने पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने की शपथ भी दिलाई। मार्गदर्शन मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी का रहा। गुरुवार को मोर्चा के सदस्य रहे फौजी विजय पांचाल और मोर्चा की टीम के सक्रिय सदस्य हिम्मत के लडके हिमांशु का भी जन्मदिन था। दोनों के जन्मदिन पर मोर्चा की टीम ने गांव सिरसाढ़ की शमशान भूमि में त्रिवेणीसहित 4 पौधे रोपित किए। इसके अलावा टीम ने छोटू राम पार्क में बरगद और पीपल के 4 पौधे रोपित किए। मोर्चा के सदस्यों ने विश्वकर्मा भवन में अर्जुन के 11 पौधे लगाए। विश्वकर्मा भवन में पौधारोपण की अध्यक्षता विश्वकर्मा भवन सभा के संरक्षक आदरणीय मुख्तयार सिंह डांगी जी ने की।

### पृथ्वी पर पेड़ जीवन का आधारः भूपेंद्र

**गोहाना।** पर्यावरण दिवस पर गोहाना मंडल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजना एक पौधा मां के नाम अभियान के अंतर्गत डॉ. मंगल सेन पार्क में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष भूपेन्द्र मुद्गिल ने की। भूपेन्द्र ने कहा कि पृथ्वी पर पेड़ जीवन का आधार हैं। हमें अपने जीवन में अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिएं। पौधे लगाकर जिस प्रकार हम अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं उसी प्रकार पौधों की भी देखभाल करनी चाहिए। संयोजन मंडल महामंत्री प्रवीण कपूर का रहा। इस अवसर पर बलराम कौशिक, रमेश कश्यप, सूरजमल शर्मा, राजू पटवा, नरेश देवी, विजय निनाणिया, अनीता जिंदल, मनोज कुमार, सतीश सैनी, अजय सैनी, हरी मोहन, बिजेंद्र खींची, जगमहेन्द्र खन्दराई व राजेंद्र खन्ना उपस्थित रहे।




मॉडल टाउन विद्यालय में कार्यक्रम के दौरान उपस्थित स्वयंसेवक एवं अन्य।

### स्तूप निर्माण का अभ्यास किया

**सोनीपत।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीसवांमील के प्रांगण में चल रहे चरित्र निर्माण एवं योग प्रशिक्षण शिविर के पांचवें दिन बच्चों ने आसन, प्राणायाम, स्तूप निर्माण व शारीरिक शोधन की क्रियाओं का अभ्यास किया। इसके साथ-साथ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व शिक्षा मंत्री महिपाल ढांढा द्वारा ऑनलाइन एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम को देखा व इस मुहिम के तहत पेड़ भी लगाए। शिविर में प्रशिक्षण आचार्य प्रवीण कुमार, दीपाली, डीपी अरुण शर्मा व कोच साहिल कुमार द्वारा दिया जा रहा है। पर्यावरण दिवस मनाने के अवसर पर बीईओ ऑफिस राई व बीआरसी ऑफिस राई के कार्यकर्ताओं ने भी इस मुहिम में भाग लिया जिसमें सुमन एबीआरसी व पूनम एबीआरसी मौजूद रहे।



खरखौदा। पौधरोपण करते मिंडा कंपनी के अधिकारी व कर्मचारी।



गोहाना। पौधरोपण करते भाजपा नेता और कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

### स्वयंसेवकों ने चलाया पौधरोपण अभियान

**सोनीपत।** राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मॉडल टाउन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं यूथ इको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में वीरवार को पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने जिला एनएसएस संयोजक पवन एवं विद्यालय प्रभारी कृष्ण कुमार रोहिला के मार्गदर्शन में पौधे रोपित किए। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य संजीव कुमार दहिया ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि यह दिन हमें सभी प्राणियों के साथ सह अस्तित्व की भावना का स्मरण कराता है। इस अवसर पर दितेश, अभिमन्यु, निकेंद्र, डॉ. आनंद, सुरेश भारद्वाज, राजेश आदि मौजूद रहे।



सोनीपत। बीसवांमील राजकीय स्कूल में योग का अभ्यास करते विद्यार्थी।

### पर्यावरण दिवस पर चलाया वृक्षारोपण अभियान

**खरखौदा।** गुरुवार को आईएमटी खरखौदा स्थित यूनो मिंडा लिमिटेड संयंत्र में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण किया गया। संयंत्र प्रमुख सुरेंद्र सिंह और मानव संसाधन प्रमुख विनय दहिया ने बताया कि कार्यक्रम में कुल 65 पौधे लगाए गए। इस दौरान कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण पर जागरूकता प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। सुरेंद्र सिंह और विनय दहिया ने कहा कि यह केवल एक शुरुआत है और भविष्य में भी यूनो मिंडा ऐसे कई और कार्यक्रमों का आयोजन करती रहेगी, ताकि पर्यावरण को सुरक्षित और स्वच्छ बनाया जा सके। स्टाफ के लोगों ने शपथ ली कि पौधरोपण के साथ साथ जो पौधे लगाए गए हैं, उनकी सुरक्षा करेंगे और समय समय पर उनकी देखभाल भी करेंगे।




सोनीपत। सेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पौधरोपण करते विधायक।

### सेवा ट्रस्ट ने लगाई सात त्रिवेणी

**सोनीपत।** बहालगढ़ रोड पर स्थित हुडा पार्क में सेवा ट्रस्ट (यूके) इंडिया की टीम ने सात त्रिवेणी रोपित की। जिसमें नीम, बड़ और पीपल के पौधे लगाए गए। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर मुख्य अतिथि विधायक निखिल मदान व टीम ने पौधारोपण किया। विधायक ने बताया कि तीनों पौधे पर्यावरण को स्वच्छ रखते हैं व ज्यादा से ज्यादा ऑक्सीजन देते हैं। संस्था के प्रधान सुरेश वत्स ने संदेश दिया कि पौधे लगाने से धरा का श्रृंगार होता है। पौधों का हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। पौधे से हमें लकड़ी, ऑक्सीजन, फल, छाया, औषधि प्राप्त होती है। संदीप पाराशर ने कहा की खुशी के मौके पर पौधे जरूर लगाने चाहिए सभी ने एक पेड़ मां के नाम भी लगाना चाहिए और उसकी देखभाल करनी चाहिए। दिलबाग सिंह हिंदी प्राध्यापक, संजय कुमार गणित विशेषज्ञ, पहलवान हवा सिंह आदि मौजूद रहे।

# शिविर में 35 ने बटोरा रक्तदान का पुण्य

- ब्रह्म भवन में रक्तदान शिविर का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गुरुवार को शहर में पुराने बस अड्डे पर स्थित ब्रह्म भवन में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 35 नागरिकों ने रक्तदान का पुण्य बटोरा। सानिध्य डॉ. ओमप्रकाश शर्मा और उनकी पत्नी शकुंतला शर्मा का रहा। यह शिविर इस दंपति के जन्मदिवस पर आयोजित हुआ। शिविर का शुभारंभ दंपति की 2 वर्षीय पोती रीवा ने किया। रक्तदान शिविर के मुख्य अतिथि भाजपा जिला गोहाना के अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक और विशिष्ट अतिथि डॉ. कपूर नरवाल, बलराम कौशिक, सुमित कक्कड़, भूपेंद्र मुद्गिल, जस्सी खुराना, डॉ. रमेश कश्यप, विपिन गोयल, सुनील शर्मा, जीवेंद्र भंडेरी, सूरजमल शर्मा, राजेश भावड़ और धूलाराम थे। शिविर में आयोजक अधिवक्ता इंद्र प्रकाश शर्मा, पत्नी गीता शर्मा, भाई डॉ. इंद्र अवतार शर्मा, चचेरे भाई श्रीकांत शर्मा और संदीप शर्मा व साले धर्मेन्द्र वकील के साथ रक्तदान किया। इनके अलावा शिविर में प्रवेश मोर, शुभम जैन, वरुण अत्री, सुनील नरवाल, आर्मी से प्रवीन कुमार, सरदार पंकज सिंह, डॉ. दीपक मोर, राहुल, संदीप और शिव कुमार ने रक्तदान किया। समाजसेवी एवं स्टार रक्तदाता सुरेंद्र विश्वास ने रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया।



गोहाना। रक्तदाताओं को आशीर्वाद देते डॉ. ओमप्रकाश शर्मा व अतिथिगण।



सोनीपत। शिविर में हिस्सा लेते मेयर राजीव जैन एवं अन्य। फोटो :हरिभूमि

### ध्यान योग का आयोजन

**सोनीपत।** सेक्टर-15 स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में जैन महिला मिलन एवं जैन मिलन चिंतामणि संस्था द्वारा 5 से 9 जून तक पांच दिवसीय संस्कार शिविर एवं अर्हं ध्यान योग शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर जैन समाज के सभी वर्गों व बच्चों के लिए आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य समाज को धर्म प्रभावना से जोड़ना तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों, पाठशाला व योग के माध्यम से जैन धर्म के मूल सिद्धांतों का प्रचार-प्रसार करना था। शिविर का उद्घाटन मेयर राजीव जैन एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन ने संयुक्त रूप से किया। अर्हं योग संचालक ने कहा कि योग के माध्यम से हम अपने तन, मन और चेतना को स्वस्थ व संतुलित रख सकते हैं। जैन मिलन अध्यक्ष एसके जैन (एडवोकेट), पीयूष जैन, अंकित जैन, सुमित जैन, रवि जैन, जिनेंद्र मौजूद रहे।

---

सतकुंभा धाम में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने सत्संग सभागार का किया उद्घाटन

# सनातन धर्म के संस्कार जीवन का मूल आधारः बड़ौली

- गंगा दशहरे पर सतकुंभा धाम में उमड़े श्रद्धालू, लगाई आस्था की डुबकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर





गन्नौर। सतकुंभा धाम में नव-निर्मित सत्संग सभागार का उद्घाटन करते भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली व सरोवर में डुबकी लगाते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

गंगा दशहरे के अवसर पर खेड़ी गुज्जर में सतकुंभा धाम पर पहुंचकर श्रद्धालुओं ने सरोवर में आस्था की डबकी लगाई। श्रद्धालुओं ने गंगा तथा अन्य पवित्र नदियों का स्मरण कर स्नान किया, पूजा-पाठ कराया और भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि यह धाम शक्ति और शांति का केंद्र है, और यहां की ऊर्जा उन्हें सदैव समाज के लिए कुछ नया करने को प्रेरित करती है। उन्होंने कहा कि माता-पिता की सेवा ही परमात्मा की सच्ची आराधना है और सनातन धर्म के संस्कार ही जीवन का मूल आधार हैं। उन्होंने नव-निर्मित सत्संग सभागार, लंगर हाल का भी उद्घाटन किया। पीठाधीश्वर श्रीमहंत राजेश स्वरूप महाराज ने कहा कि यह पर्व पवित्र स्नान, आत्मशुद्धि और सेवा का उत्सव है। धाम में श्रद्धालुओं के लिए ठंडे मीठे जल की छबील लगाई गईं, भंडारे की व्यवस्था की गई। वहीं श्रद्धालुओं की पूजा-पाठ के लिए विद्वान शास्त्रियों द्वारा कराई गई। बच्चों के लिए झूले-खिलौनों के बाजार लगा जिसमें बच्चों ने जमकर खरीदारी की। वाहनों के लिए निश्शुल्क पार्किंग की व्यवस्था की गई थी। पुलिस कर्मियों ने सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखा। सूरज शास्त्री, आचार्य अमन ने मंत्रोच्चारण करवाया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान सेठ पाल छौक्कर, जनेशसर, रामफल बाबू जी, जसबीर दोदुआ, निशांत छौक्कर, सत्यवान स्वरुप, महेंद्र भारद्वाज मौजूद रहे।



गोहाना। पंचों को शपथ दिलाते आनंद हुड्डा। फोटो : हरिभूमि

### पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई

**गोहाना।** विकास खंड मुंडलाना में गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायतों के सदस्यों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। खंड कार्यक्रम प्रबंधक आनंद हुड्डा ने कहा कि प्लास्टिक का उपयोग पर्यावरण के लिए बहुत घातक है। लोग पर्यावरण के प्रति जागरूक बनें और प्लास्टिक का सीमित उपयोग करें। उपयोग के बाद प्लास्टिक का उचित निष्पादन आवश्यक है। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत मुंडलाना, शामड़ी और बुसाना के पंचों ने भाग लिया। इस अवसर पर पंचायत अधिकारी राजकुमार शर्मा, पटवारी जोनी लाल, प्रशिक्षक अरविंद कुमार और सुरेश कुमार मौजूद रहे।

